Title: Construction of Underpass in NH-91.

श्री सतीश कुमार गौतम (अलीगढ़): माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं माननीय नरेन्द्र मोदी जी और गडकरी जी का भी बहुत धन्यवाद करता हूं कि मेरे लोकसभा क्षेत्र अलीगढ़ को तीन नेशनल हाईवे दिए।

एक नया हाईवे मिला है ? अलीगढ़ से पलवल 334 डी। अलीगढ़ से दिल्ली तक डेढ़ घंटे का रास्ता है, लेकिन खैर और जट्टारी में दो घंटे जाम लग जाता है। अगर यहां बाईपास बन जाएगा तो जनता को राहत मिलेगी और रास्ता डेढ़ घंटे का हो जाएगा। हमारे यहां एनएच-91 है, इसका नया नंबर 34 है। इस पर गबाना क्षेत्र में बरौली कट है और इस कट पर रोज एक्सीडेंट होते हैं। मेरी मांग है कि यहां अंडरपास बनाया जाए।

हमारे यहां प्राचीन खेरेश्वर धाम भी है, अगर यहां फ्लाईओवर बन जाए तो एक्सीडेंट्स नहीं होंगे और लोगों की दुर्घटना में मौत नहीं होंगी। माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में माननीय गडकरी द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है, मैं इसके लिए बहुत धन्यवाद देता हूं।